
दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 150
मुरादाबाद
(Sunday)
21 September 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## चिप हो या शिप... हमें बनाने होंगे, PM मोदी ने विदेशी निर्भरता को बताया दुश्मन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के दौरे पर हैं। उन्होंने गुजरात पहुंचने के बाद भावनगर में एक भव्य रोड शो किया और एक कार्यक्रम में 34,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने %समुद्र से समृद्धि% कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी एक जनसभा को

### विकसित भारत के लिए अपनाएं स्वदेशी, पीएम मोदी ने लोगों से की आत्मनिर्भरता की अपील



संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए आज इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत बहुत बधाई। 17 सितंबर को आप सबने अपने नरेन्द्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं... व्यक्तिगत तौर पर सबका धन्यवाद करना संभव नहीं है, लेकिन भारत के कोने-कोने से, विश्वभर से ये जो प्यार मिला है, आशीर्वाद मिले हैं। ये मेरी बहुत बड़ी संपत्ति है, ये मेरी बहुत बड़ी ताकत है। इसलिए मैं आज सार्वजनिक रूप से देश और दुनिया के सभी महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। %100 दुखों की एक ही दवा है और वह है आत्मनिर्भर भारत%- पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत आज विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। सच्चे अर्थ में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता...। यही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना ही होगा। जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता... उतनी ज्यादा देश की विफलता। विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए... दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। 140 करोड़ देशवासियों के भविष्य को हम दूसरों पर या उनकी निर्भरता पर नहीं छोड़ सकते। भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगाया जा सकता है। 100 दुखों की एक ही दवा है और वह है आत्मनिर्भर भारत, इसलिए हमें चुनौतियों से टकराना होगा और भारत को आत्मनिर्भर बनकर दुनिया के सामने खड़ा होना होगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने भारत के हर सामर्थ्य को नजरअंदाज किया, इसलिए आजादी के 6-7 दशकों बाद भी भारत वो सफलता हासिल नहीं कर पाया, जिसके हम हकदार थे। इसके दो बड़े कारण रहे- लंबे समय तक कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में उलझाए रखा। दुनिया के बाजार से अलग-थलग रखा। कांग्रेस सरकार की नीतियों ने देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2047 तक हमें विकसित होना है तो भारत को आत्मनिर्भर होना ही होगा... इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। 140 करोड़ देशवासियों का एक ही संकल्प होना चाहिए- चिप हो या शिप... हमें भारत में ही बनाने होंगे। इसी सोच के साथ आज भारत समुद्री क्षेत्र भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करने जा रहा है। इसी सोच के साथ वन नेशन, वन डॉक्यूमेंट और वन नेशन, वन पोर्ट प्रोसेस लागू किया जाना है। भारत को सबसे बड़ी समुद्री शक्ति बनाने के लिए तीन बड़ी योजनाओं पर काम चल रहा है और आने वाले वर्षों में इस पर 70 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। देश के समुद्री क्षेत्र को मजबूती देने के लिए एक बहुत ऐतिहासिक निर्णय हुआ है... अब सरकार ने बड़े जहाजों को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में मान्यता दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश को अपने जहाज निर्माण (शिपबिल्डिंग) को मजबूत करना चाहिए था, तब कांग्रेस सरकारों ने विदेशी जहाज किराए पर लेना ज्यादा बेहतर समझा। पीएम मोदी ने कहा कि इसके कारण भारत का अपना शिपबिल्डिंग इकोसिस्टम लगभग खत्म हो गया और विदेशी जहाजों पर निर्भरता मजबूरी बन गई। उन्होंने कहा कि करीब 50 साल पहले भारत का लगभग 40त्न व्यापार अपने ही जहाजों के जरिए होता था, लेकिन अब यह घटकर सिर्फ 5त्न रह गया है। पीएम मोदी ने कहा कि इसका मतलब यह है कि आज भारत को अपने 95त्न व्यापार के लिए विदेशी जहाजों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे देश को भारी आर्थिक नुकसान होता है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने इसे आत्मनिर्भर भारत के रास्ते में बड़ी रुकावट बताया और देश को फिर से समुद्री शक्ति बनाने की दिशा में कदम उठाने पर जोर दिया। आज भारत एक अलग मिजाज के साथ आगे बढ़ रहा है। हम जो लक्ष्य तय करते हैं उसे अब समय से पहले पूरा करके भी दिखाते हैं। सोलर सेक्टर में भारत अब अपने लक्ष्यों को चार-चार, पांच-पांच साल पहले हासिल कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा, %देशवासी यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 6 लाख करोड़ रुपये हर साल विदेशी शिपिंग कंपनियों को किराए में दिए जाते हैं। यह रकम भारत के रक्षा क्षेत्र के बजट के बराबर है। हमारे पैसों से विदेशों में लाखों नौकरियां बनी हैं। अगर पूर्व सरकारों ने हमारे शिपिंग इंडस्ट्री पर ध्यान दिया होता तो आज दुनिया भारत में बने जहाजों से व्यापार कर रही होती और उसका सीधा लाभ हमारे देश को मिलता। पीएम ने कहा, पूरे देश भर में लाखों लोग सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। मुझे बताया गया है कि गुजरात में भी, पिछले दो-तीन दिनों में ही सेवा पखवाड़ा के दौरान बहुत जगह कार्यक्रम हुए, सैकड़ों जगहों पर रक्तदान शिविर लगे और इनमें अब तक एक लाख लोग ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें लाखों लोगों ने भाग लिया। आज मैं ऐसे समय में भावनगर आया हूं, जब नवरात्रि का पर्व शुरू होने वाला है। इस बार जीएसटी में कमी की वजह से बाजारों में रौनक भी ज्यादा रहने वाली है। और ये उत्सव के इसी माहौल में आज हम समुद्र से समृद्धि का महा-उत्सव मना रहे हैं।पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमे सभी क्षेत्रों में एकसाथ काम करना होगा और अब हम जब जानते है कि विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भर भारत सो होकर गुजरता है। इसलिए हमें याद रखना है कि हम जो भी खरीदे स्वदेशी खरीदे, हम जो भी बेचे वो स्वदेशी हो। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं सभी दुकानदारों से आग्रह करता हूं कि आप अपनी दुकानों पर एक पोस्टक लगाए, जिसमें लिखा हो कि गर्व से कहो ये स्वदेशी है।भावनगर में पीएम मोदी की जनसभा के दौरान एक भावुक पल देखने को मिला, जब एक बच्चे ने अपने हाथों से बना उनका चित्र भेंट किया। पीएम ने मंच से ही बच्चे की मेहनत को सराहा और मुस्कुराकर हाथ हिलाया। यह देख बच्चा भावुक होकर रो पड़ा। लोगों ने तालियों से उसका हौसला बढ़ाया।गुजरात के भावनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के दौरान एक भावुक कर देने वाला पल देखने को मिला। ये बात तब की है जब पीएम मोदी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद एक छोटे बच्चे ने अपने हाथों से बनाया हुआ प्रधानमंत्री मोदी का चित्र उन्हें भेंट करने के लिए लाया था। जब पीएम मोदी की नजर उस बच्चे और उसके बनाए चित्र पर पड़ी, तो उन्होंने मंच से ही उसे देखा और उसकी मेहनत को सराहा। प्रधानमंत्री की इस प्रतिक्रिया को देखकर बच्चा भावुक हो गया और उसकी आंखों से आंसू निकल आए। इस बात पर वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजातकर बच्चे की कला और भावनाओं की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने न सिर्फ उस चित्र को स्वीकार किया, बल्कि मुस्कुराते हुए उस बच्चे की ओर हाथ भी हिलाया और ये भी कहा कि मैं तुम्हें चिट्ठी लिखूंगा। यह पल इस कार्यक्रम की सबसे सौम्य और दिल को छू जाने वाली झलक बन गया।

## संक्षिप्त समाचार

### वैश्विक अयप्पा सम्मेलन: पिनरई बोले- सबरीमाला पर झूठा प्रचार बंद हो, मंदिर की आमदनी से एक रुपया नहीं लेती सरकार

केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने सबरीमाला में %अल्पसंख्यक बैठक% की खबर को झूठा और राजनीतिक साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार मंदिरों की आमदनी से एक रुपया नहीं लेती, बल्कि उनके विकास और कर्मचारियों के वेतन के लिए आर्थिक मदद देती है। विजयन ने कहा कि सबरीमाला को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहते हुए विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बनाया जाएगा। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने शनिवार को कहा कि यह जानबूझकर झूठ फैलाया जा रहा है कि सरकार सबरीमाला में किसी अल्पसंख्यक बैठक की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, इस तरह का प्रचार केवल लोगों को गुमराह करने की एक राजनीतिक चाल है। पत्रकारों का काम है कि वह सच्चाई को ईमानदारी से सामने रखे , लेकिन कुछ लोग जानबूझकर झूठ फैलाते हैं। एक सुनियोजित झूठ कुछ लोगों को गुमराह कर सकता है, लेकिन सच्चाई हमेशा स्पष्ट रहती है। विजयन पठानमथिट्टा में वैश्विक अयप्पा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा, हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि 2031 तक केरल को कैसे आगे ले जाना है, खासकर जब हम केरल के एकीकरण की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इसी क्रम में अक्तूबर में 33 विभागीय सेमिनार होंगे

## अखिलेश यादव बोले- पीएम मोदी से आश्वासन दिलवाकर भी छुट्टा पशुओं की समस्या हल नहीं कर पाई भाजपा



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जनता छुट्टा जानवरों से परेशान है। अभी तक सरकार इस समस्या का समाधान नहीं कर पाई है जबकि इसके लिए पीएम मोदी ने मंच से आश्वासन दिया था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को छुट्टा पशुओं से छुटकारा नहीं दिलवा सकी है जबकि इसके लिए मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आश्वासन दिलवाया गया था। छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। गौशालाओं की दुर्दशा है। वहां पर भी गायें सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा के लोग गौशाला के लिए आने वाला चारा बेचकर घोटाला कर रहे हैं। उनका दूध और गोबर बेंच रहे हैं। जब गायों की मौत हो जाती है तो उन्हें वहीं गड्ढा खोदकर दफना दे रहे हैं। जनता छुट्टा जानवरों से परेशान है पर सरकार आश्वासन देने के बाद भी उन्हें राहत नहीं दिला सकी है। उन्होंने कहा कि जो हाल गायों का है वही नदियों का है। नदियों के लिए जारी होने वाला बजट साफ हो गया नदियों की हालत वैसी ही है। फिल्म में डायलॉग्स बीप के साथ हैं या नहीं अखिलेश ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर बनी फिल्म को लेकर तंज सकते हुए कहा कि ये तो फ्लॉप होने से पहले ही फ्लॉप हो गई...। फिर पूछा कि इसमें डायलॉग्स बीप के साथ हैं या नहीं? फिल्म में मुकदमा वापस लेने वाली बात है कि नहीं और जिस वजह से मुकदमे लगे वो दृश्य हैं या नहीं? बुलडोजर वाला सीन पता नहीं है कि नहीं? उसमें कार पलटने वाला सीन है या नहीं? इसमें डिप्टी सीएम के पर्दे के पीछे वाले डायलॉग हैं या नहीं? जब भाजपा जाएगी तभी एच1 बी वीजा वालों को राहत मिलेगी अखिलेश यादव ने अमेरिका में एच1बी वीजा की दरें बढ़ाने पर कहा कि केंद्र सरकार की विदेश नीति फेल है। इस सरकार की आर्थिक नीति फेल है। भाजपा के लोग नहीं चाहते हैं कि भारत के लोग पढ़ने या फिर नौकरी करने के लिए अमेरिका जाएं। ये लोग चाहते हैं कि सिर्फ बंदूक चलाने के लिए ही लोग बाहर जाएं। जब भाजपा की सरकार जाएगी तभी एच1बी वीजा वालों को राहत मिलेगी। 60 लोगों की जान गई... जंगली जानवरों के हमले बढ़े, दिखाया वन विभाग का डेटा अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में लोगों पर जंगली जानवरों के हमले बढ़े हैं। उन्होंने इन हमलों के शिकार हुए लोगों को मंच पर बुलाया। कहा कि उन्होंने पीड़ितों का इलाज करवाया और उन्हें आर्थिक सहायता भी दी। वन विभाग का डेटा शेयर करते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 में जंगली जानवरों के हमले में 60 लोगों की जान गई है। गुलदार ने 14 दिन में बिजनौर में 3 बच्चों समेत चार लोगों को निशाना बनाया।

## वोट चोरी कर सत्ता में आए पीएम मोदी, हमारे पास पक्के सबूत.., राहुल गांधी ने दोहराया आरोप

कांग्रेस नेता आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोट चोरी कर सत्ता में आए हैं और इसको लेकर उनके पास पुख्ता सबूत हैं, जिन्हें उन्हें हाइड्रोजन बम बताया। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरों की रक्षा करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक %हाइड्रोजन बम% सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की। उन्होंने वायनाड में कहा, हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं। हमारे पास सौ फीसदी जानकारी है कि जो कुछ हुआ है, वह सामने आने वाला है। उन्होंने अपने पिछली दो प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए कहा, हमने महादेवपुरा और



आलंद में मतदाता की गलत तरीके से जोड़ी और हटाई गई जानकारी दिखाई है। हम इसे इस तरह दिखाएंगे कि भारत में कोई भी यह शक नहीं करेगा कि नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर चुनाव जीता है। राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयोग (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर %वोट चोरों की रक्षा% करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र से छह हजार मतदाताओं के नाम हटाने की जांच चुनाव आयोग के प्रमुख के खिलाफ एक स्पष्ट आरोप है। %ज्ञानेश कुमार के खिलाफ चल रही सीआईडी जांच% उन्होंने कहा, हमने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में काले और सफेद (ब्लैक एंड व्हाइट) में सबूत पेश किए। कर्नाटक में सीआईडी जांच चल रही है। सीआईडी ने वोट चोरी में इस्तेमाल फोन नंबरों की जानकारी मांगी है। ज्ञानेश कुमार ही वह सीईसी हैं, जिनकी कर्नाटक सीआईडी जांच कर रही है। इससे बड़ा आरोप चुनाव आयोग के प्रमुख पर नहीं हो सकता। यह मेरा बयान नहीं, बल्कि तथ्य है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका %हाइड्रोजन बम% प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से जुड़ा होगा, तो उन्होंने कहा कि मीडिया का काम अटकलें लगाना है, जबकि काम अपना कार्य करना है। उन्होंने यह, ये अटकलें आपको लगानी हैं, यह अटकलें आपको लगानी है, मैं अपना काम करूंगा, मैं अपना काम करके दिखाऊंगा। %सत्ता मिलने पर अहंकारी हो जाते हैं कई राष्ट्रीय नेता% राहुल गांधी ने वायनाड में कन्नथारा ग्राम पंचायत में ओमन चांडी मेमोरियल ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पूर्व केरल मुख्यमंत्री ओमन चांडी हमेशा विनम्र रहे जबकि कुछ राष्ट्रीय स्तर के नेता सत्ता मिलने पर अहंकारी हो जाते हैं।

## संपादकीय Editorial

### If there's malnutrition, who is healthy?

There was a flood of good wishes and greetings. It was Prime Minister Modi's birthday. It was also heartening to note that he had celebrated 75 years of life. He is undoubtedly the most popular Prime Minister of his era. He has transformed the direction and condition of Indian politics. Prime Minister Modi also holds a global role. Those who glorified the Prime Minister on this special occasion, recounting stories of his journey from a poor childhood to the nation's supreme leader, may have been compelled by their own compulsion and commitment. Indeed, Prime Minister Modi broke the traditional mold of government and made many unprecedented decisions, setting new paradigms. Every Prime Minister has been involved in such decisions and actions, and therefore, in some ways, he has been considered a visionary. How one interprets them is another matter. However, Prime Minister Modi had chosen the slogan for his birthday: "Healthy Women, Strong Families." Government advertisements to this effect were also published in the media. The Prime Minister called for proper health checkups for mothers, sisters, and daughters. Millions of such mega health camps are being run across the country until October 2nd. Testing, medication, and treatment will all be free. The Prime Minister has considered women more important than the government treasury. While the initiative and intention are undoubtedly noble and community-based, some findings from the National Family Health Survey worry us and would sting Prime Minister Modi if these figures were presented to him. Malnutrition remains a social, economic, and class-based problem. According to the National Family Health Survey, 57% of women aged 15-49 in the country suffer from anemia (anemia or hemoglobin deficiency). Approximately 36% of children under 5 years of age are stunted, over 32% are underweight, and 19.3% are physically and mentally challenged. Approximately 74% of the population lacks access to a healthy, nutritious diet. Malnutrition rates are higher in areas with high poverty rates. The Indian government had set a goal of making the country malnutrition-free by 2022. This did not happen. If women and children are malnourished, how can their families, society, and the country be healthy? How can the country develop in all aspects? We believe Prime Minister Modi is aware of these conditions! On his birthday, the Prime Minister launched the next phase of the National Nutrition Mission. Furthermore, the Government of India is running numerous programs, such as the Integrated Child Development Scheme. The question is, why is the cancer of malnutrition not decreasing? Furthermore, the sex ratio figures in Delhi, Haryana, and Bihar are sounding alarm bells. In Delhi, the nation's capital, last year's annual birth and death report clearly shows that the sex ratio at birth is declining. This trend has been observed for four consecutive years. In Delhi, there were 920 women per 1,000 men in 2024, compared to 932 in 2021, 929 in 2022, and 922 in 2023. Last year, the number of girls at birth in neighboring Haryana also fell to 910. This is the lowest sex ratio in eight years. Assembly elections are approaching in Bihar. The sex ratio should have been a sensitive election issue, but so far, it hasn't even been mentioned in any political party's campaign. The data released in June is deeply worrying. The number of girls at birth in Bihar has fallen to 891, compared to previous figures of 964 and 908. It's worth noting that the 2011 census showed an increasing sex ratio. There was applause that the government's efforts were succeeding.

# Technology became the language of governance. Under Prime Minister Modi's leadership, India achieved what seemed impossible.

Prime Minister Modi not only understands technology, but he understands people even better. His vision of Antyodaya (the future of all) drives every digital initiative. Modi has made technology the language of governance. He has proven that when leaders embrace technology with humanity, the entire country takes giant leaps towards the future. Prime Minister Modi has made technology India's greatest equalizer. A street vendor in Mumbai uses the same UPI payment system as an executive at a major company. This change reflects the Prime Minister's core vision of Antyodaya (the future of all), meaning reaching the last person in line. The aim of every digital initiative is to make technology equally accessible to all. These experiments started in Gujarat became the foundation of India's digital revolution. As Chief Minister, Modi transformed Gujarat through technology and innovation. The Jyotigram Yojana, launched in 2003, provided rural industries with uninterrupted power supply through feeder separation technology. This allowed women to study at night and small businesses to flourish, reducing migration from villages to cities. The investment of ?1,115 crore (11.15 billion rupees) for this scheme was recouped in just two and a half years. In 2012, he decided to install solar panels on the Narmada Canal. This project generated 16 million units of electricity annually, enough for approximately 16,000 households. This reduced evaporation of canal water and increased water availability. The adoption of this innovation by the United States and Spain further reinforces its effectiveness. The e-Dhara system digitized land records. The Swagat initiative enabled citizens to connect directly with the Chief Minister through video conferencing. Online tendering curbed corruption. In 2014, Modi brought Gujarat's experience and learnings to Delhi, but the scale was much greater. Under his leadership, India Stack was created, the world's most inclusive digital public infrastructure. Its foundation was laid on the JAM trinity (Jan Dhan, Aadhaar, and mobile). Jan Dhan accounts connected more than 530 million people to the banking system.

This allowed them to save safely, receive direct government benefits, and easily access loans. Aadhaar gave citizens a digital identity. More than 1.42 billion registrations have been made so far. This has made access to government services easier. Direct Benefit Transfer has eliminated middlemen and reduced fraud. So far, DBT has saved over ?4.3 lakh crore. This money is being invested in building schools, hospitals, and other infrastructure. Previously, the Know Your Customer (KYC) process was cumbersome and hectic. Aadhaar-based e-KYC has made even the smallest transactions economically feasible. UPI has transformed the way India makes payments. In August alone, over 20 billion transactions were processed, totaling ?24.85 lakh crore. Many countries, from Singapore to France, are on board with UPI. The G-20 has recognized digital public infrastructure as essential for inclusive development. Japan has even granted a patent for it. What was initially India's solution has now become a model of digital democracy for the world. Today, India alone handles half of the world's real-time digital payments.

PM Modi's vision finalized the JAM trinity and the UPI framework. Today, UPI handles more transactions globally than Visa. A simple mobile phone has now become a bank, payment gateway, and service center. 'Pragati' has brought accountability to governance. When officials know that the Prime Minister will monitor their work via live video, accountability automatically increases. Technology has completely transformed agriculture and healthcare. Farmers now have access to weather information and soil health data directly on their mobile phones. DigiLocker digitally stores 967 crore documents for over 57 crore users. Aadhaar authentication has also made filing income tax returns extremely easy. Under Prime Minister Modi's leadership, India has achieved what seemed impossible: reaching Mars on the first attempt, and at a cost that surpasses even a Hollywood film. Chandrayaan-3 made India the fourth country to achieve a soft landing on the Moon. The Gaganyaan mission will make India the fourth country to send humans into space using indigenous technology. When COVID-19 struck, the entire world grappled with the chaos of vaccine distribution. The CoWIN platform was created in record time. It was a complete digital solution for the world's largest vaccination campaign. Under the Prime Minister's vision, today our robust electronics manufacturing capabilities are helping us leapfrog into advanced semiconductor manufacturing. More than 20 percent of the world's chip designers are located here. Chemicals, gases, and specialized materials used in semiconductor production are also being supported. The PM Gati Shakti portal leverages GIS technology extensively. Under the India AI Mission, over 38,000 GPUs have been made available, at one-third the global cost. This has provided startups, researchers, and students with Silicon Valley-like access at just ?67 per hour. PM Modi's understanding of technology is also reflected in India's unique AI regulation policy. The 182-meter-high Statue of Unity in Kevadia is the world's tallest statue. The Chenab Bridge is 359 meters high. It connects Kashmir with the rest of India. The Aizawl railway line passes through difficult mountainous terrain, using the Himalayan tunneling method, which includes numerous tunnels and bridges. The new Pamban Bridge, built with modern engineering, replaces a century-old structure. These amazing feats of engineering reflect the Prime Minister's vision of connecting India through technology and determination. Prime Minister Modi understands technology, but he understands humans even better. His vision of Antyodaya drives every digital initiative. Modi has made technology the language of governance. He has proven that when leaders embrace technology with humanity, the entire nation takes a giant leap into the future.

# The Smart Cities Campaign Has Gone astray, Focus Needs to Be On Prepared Plans

India's urban development must shift from beautification to new greenfield construction. Just as China transformed Shenzhen from a fishing village into a global hub of technology and finance, India must demonstrate the will to build new urban centers that attract both people and investment. In 2015, the Modi government launched the Smart Cities Campaign (SCA), promising to transform India's urban future. The aim was to create 100 cities that would become models of sustainability and efficiency by harnessing technology, innovation, and better planning. Today, nearly a decade later, despite an investment of ?1.5 lakh crore, Indian cities tell a different story. When heavy rains submerged roads in Gurugram, Bengaluru, and Mumbai, commuters stranded on flooded routes found nothing of the promised "smartness." This campaign, which was supposed to be a blueprint for the future, has become a display of selective beautification and misplaced priorities. According to the World Bank, India's urban population will reach approximately 951 million by 2050. While metropolises like Delhi, Mumbai, and Bengaluru continue to expand, cities like Bhubaneswar, Coimbatore, Indore, and Jaipur are emerging as new centers of growth. This pace of change is placing immense pressure on urban infrastructure. Unplanned construction is disrupting drainage systems, housing shortages are pushing people into informal settlements, and transportation networks are collapsing under the pressure of increasing traffic. Keeping this in mind, the Smart Cities initiative could have focused on building new greenfield suburban cities near these cities. Instead, it focused on beautifying small pockets of existing cities, renovating overbridges, digitizing streetlights, and establishing control centers. Deep-seated problems like drainage and housing remained unaddressed, and the consequences were evident during the monsoon season. The Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT) is another ambitious scheme of the Indian government. It aims to develop infrastructure in 500 cities. This campaign promised to improve basic amenities like drinking water, sewerage systems, stormwater drainage, and green spaces. The first phase had a budget of ?50,000 crore over five years, and the second phase had a budget of approximately ?2.9 lakh crore. Its goal was to improve water and sewerage systems in urban India, but this monsoon season, the country witnessed the plight of cities. Our cities, both large and small, turn into islands during every rainy season, disrupting public life. It seems that India's urban development programs are still designed in silos. Plans formulated in New Delhi are perhaps disconnected from the diverse realities of Indian cities. For a better future for cities, these silos must be broken, and long-term planning must be placed at the center of urban policy, empowering local governments. However, the government has pursued some greenfield initiatives, such as Dholera, GIFT City, Aurangabad Industrial City, and Greater Noida in Gujarat. A dozen new industrial hubs were also approved under the National Industrial Corridor Development Programme (NICDP) in 2024. It would be wise to consider the broader challenges of inclusive urban development. India's urban development needs to move beyond beautification and toward new greenfield construction. Just as China transformed Shenzhen from a fishing village into a global hub of technology and finance, India must demonstrate the will to build new urban centers that attract both people and investment. The attractiveness of cities should not be measured solely by tall buildings and highways, but by the availability of infrastructure. Greenfield projects can be brought to fruition through financial incentives. Property tax compliance in India is very low, while stamp duty is among the highest in the world, discouraging formal transactions. Instead of burdening new smart cities with these taxes, the government could offer lower property taxes, lower stamp duty, and streamlined approvals for the first decade. With the right incentives and planning, suburban towns near major cities can develop into new centers of opportunity. The floods that have submerged India's glittering metropolises in recent years should not be seen as mere weather phenomena, but as a result of flawed urban development. India's urbanization is progressing faster than expected. The choice before us is clear: either we operate superficially in stressed metropolises or we boldly build new, well-funded, and truly livable cities.

## आपका सुझाव - लाएगा बदलाव थीम के साथ निर्धारित पोर्टल पर आमजन से सुझाव आमंत्रित।

## विकसित उत्तर प्रदेश के लिए क्यू आर कोड स्कैन करके आमजन दें सुझाव।

प्रदेश सरकार ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए विजन डॉक्युमेंट तैयार करने के संबंध में आम जनता से सीधे तौर पर सुझाव आमंत्रित किए हैं इस पहल का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर के साथ ही सर्वांगीण क्षेत्रों में विकास की धारा से जोड़ना है। जनता की राय और सहभागिता से ही नीतियों का निर्माण अधिक सशक्त और प्रभावित हो सकता है। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पोर्टल पर सुझाव प्राप्त किए जा रहे हैं। आमजन सीधे क्यूआर कोड स्कैन करके भी निर्धारित पेज पर अपने सुझाव दे सकते हैं। सुझाव पोर्टल पर दिए गए सुझाव फार्म पर क्लिक करके अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज करें। एक श्रेणी का चयन करके अपना सुझाव दें और फॉर्म सबमिट कर दें। उन्होंने बताया कि प्रदेश के आमजन के इन सुझावों को सरकार द्वारा बनाई जाने वाली नीतियों के निर्माण में शामिल किया जाएगा और विकसित उत्तर प्रदेश - 2047 का खाका तैयार किया जाएगा, इसलिए आमजन की राय भविष्य में प्रगति का आधार बनेगी। प्रदेश सरकार ने बेहतर सुझाव देने वालों को सम्मानित करने का भी ऐलान किया है। वन स्टॉप सेंटर में हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता विषय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम। महिलाओं और किशोरियों को उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए सरकारी योजनाओं और कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी। प्रदेश में विभिन्न प्रकार के महिला अपराधों की रोकथाम और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा अनेक कानूनी प्रावधानों के साथ ही टोल फ्री नंबर और प्रत्येक जिले में वन स्टॉप सेंटर संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में महिला कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य नारी- सशक्त परिवार के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा आयोजित किया गया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए कानूनी सहायता विषय पर वन स्टॉप सेंटर में परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। सेंटर मैनेजर गुंजन शर्मा ने बताया कि इस परामर्श शिविर में महिलाओं और बालिकाओं को हिंसा और घरेलू अपराधों से बचाव और सुरक्षा के लिए कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही विषम परिस्थिति के दौरान सहायता के लिए निर्धारित टोल फ्री नंबर की विशेषताओं के बारे में भी बताया गया। मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर ने सभी को बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दत्तक ग्रहण इकाई, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के साथ साथ 1098, 181, 1090, 112, 1930 और 1076 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को विवाह की कानूनी तौर पर निर्धारित उम्र, पोषण की देखभाल की जरूरत सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर राजकीय महिला शरणालय अधीक्षिका प्रेरणा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## विधान परिषद सदस्यों के चुनाव हेतु मतदाता सूची का पुनरीक्षण 30 सितम्बर से होगा

## मतदाता सूची का 30 दिसम्बर को अंतिम प्रकाशन

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा द्वारा प्रदेश की विधान परिषद के पांच स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों तथा छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों का कार्यकाल आगामी वर्ष 06 दिसंबर, 2026 को समाप्त होने के कारण इन निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कराया जा रहा है। अर्हता तिथि 01 नवम्बर, 2025 के आधार पर यह पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में 30 सितंबर, 2025 से प्रारंभ होगा। इस निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर, 2025 को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगले वर्ष 06 दिसम्बर को विधान परिषद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की जो 05 सीटें रिक्त हो रही है, उसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ एवं इलाहाबाद-झांसी है। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की जो 06 सीटें रिक्त हो रही है, उसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद है। इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए 30 सितंबर को सार्वजनिक नोटिस जारी होगा। 15 अक्टूबर को समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन तथा 25 अक्टूबर को इसका द्वितीय पुनर्प्रकाशन होगा। फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 नवंबर तथा 20 नवंबर को पांडुलिपियों की तैयारी व निर्वाचन नामावलियों का मुद्रण होगा। निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 25 नवंबर को होगा। दावें-आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक है। 25 दिसम्बर तक दावें-आपत्तियों का निस्तारण होगा और अनुपूरक सूची तैयार कर मुद्रित की जाएगी। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर, 2025 को होगा। उन्होंने बताया कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में नाम शामिल कराने के लिए आवेदक को अर्हता तिथि से कम से कम 03 वर्ष पूर्व स्नातक हो या इसके समकक्ष अर्हता रखता हो। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु आवेदक को एक नवम्बर अर्हता तिथि से पहले राज्य के माध्यमिक स्तर के शैक्षिक संस्थानों में विगत 06 वर्षों में 03 वर्ष से शिक्षण कार्य किया हो। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार लखनऊ, हरदोई, खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली एवं प्रतापगढ़ जनपद तक। वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर एवं सोनभद्र जनपद तक। आगरा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कासगंज जनपद तक। मेरठ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली एवं हापुड़ जनपद तक। इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी एवं ललितपुर जनपद तक होगा। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार लखनऊ, हरदोई, खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली एवं प्रतापगढ़ जनपद तक। वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर, एवं सोनभद्र जनपद तक। आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कासगंज जनपद तक। मेरठ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली एवं हापुड़ जनपद तक। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर एवं संभल जनपद तक। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी एवं अंबेडकर नगर जनपद शामिल है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी में लखनऊ के लिए मंडलायुक्त लखनऊ, मेरठ के लिए मंडलायुक्त मेरठ, आगरा के लिए मंडलायुक्त आगरा, वाराणसी के लिए मंडलायुक्त वाराणसी तथा इलाहाबाद-झांसी के लिए मंडलायुक्त झांसी एवं लखनऊ होंगे। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी में लखनऊ के लिए मंडलायुक्त लखनऊ, मेरठ के लिए मंडलायुक्त मेरठ, आगरा के लिए मंडलायुक्त आगरा, वाराणसी के लिए मंडलायुक्त वाराणसी, बरेली-मुरादाबाद के लिए मंडलायुक्त बरेली एवं गोरखपुर-फैजाबाद के लिए मंडलायुक्त गोरखपुर है। इन निर्वाचन क्षेत्रों में सम्मिलित समस्त जनपदों के जिलाधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा इन निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली समस्त विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2025 तक शिविर आयोजित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया

उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2025 तक शिविर आयोजित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में जनपद मुरादाबाद के लेबर अड्डों एवं जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों विशेषकर महिला निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य, मातृत्व एवं शिशु की देखभाल /जांच हेतु शिविर लगाये जाने हेतु बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जा रही है। उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने नोडल अधिकारी/श्रम प्रवर्तन अधिकारी मुरादाबाद को निर्देशित किया कि वह जनपद के जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर शिविरों का आयोजन कराएं। उप श्रमायुक्त ने बताया कि दिनांक 22 सितम्बर को श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री एके पाण्डेय की उपस्थिति में प्रकाश नगर चौराहा लेवर अड्डा लाईनपार में दिनांक 23 सितम्बर को श्री केपी सिंह की उपस्थिति में जयंतीपुर करुला डबल फाटक के पार मुरादाबाद में, दिनांक 24 सितम्बर को श्री केपी सिंह एवं श्री दुष्यंत सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मूढ़ापाण्डे में, दिनांक 25 सितम्बर को श्री एके पाण्डेय की उपस्थिति में लेबर अड्डा गुरहट्टी चौराहा मुरादाबाद में, दिनांक 26 सितम्बर को श्री एके पाण्डेय की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाकबड़ा में, दिनांक 27 सितम्बर को श्री दुष्यंत सिंह एवं श्री केपी सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्दरकी में, दिनांक 29 सितम्बर को श्री दुष्यंत सिंह की उपस्थिति में लेबर अड्डा हरथला निकट पीवीआर सिनेमा मुरादाबाद में एवं दिनांक 02 अक्टूबर 2025 को श्री एके पाण्डेय की उपस्थिति में प्रकाश नगर चौराहा लेबर अड्डा लाईनपार मुरादाबाद में शिविर आयोजित होंगे। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा सेवा पखवाडा-2025 एवं समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के तहत विपणन विकास सहायता (एस.सी.एस.पी.) योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुरादाबाद के विकास खण्ड मूंढापाण्डे में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मूंढापाण्डे श्री नवदीप यादव उपस्थित रहे। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह द्वारा विभागीय योजनाओं की समस्त जागकारी दी गयी। जिसमें सभी प्रतिभागियो द्वारा सूक्ष्म उद्योग लगाने एवं स्वरोजगार को बढावा देने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर श्री राम किशोर लोधी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, प्रतिनिधि एलडीएम श्रीमती सरीता भटनागर, सहायक विकास अधिकारी (आई.एस.बी.), सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, मूंढापाण्डे तथा समस्त ग्रामोद्योग के स्टाफ उपस्थित रहे। महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दत्तक गृह एवं राजकीय महिला शरणालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर गुंजन शर्मा, राजकीय महिला शरणालय की अधीक्षिका श्रीमती प्रेरणा सहित अन्य लोगों द्वारा नवजात बेटियों की माताओं को बेबी किट देकर बेटियों का जन्मोत्सव मनाया गया। महिलाओं को अपनी बेटियों के स्वास्थ्य की देखरेख के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी महिलाओं को बताया गया।

# दुबई से जुड़े साइबर ठगों को खाते बेचने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद -दुबई में बैठे साइबर ठगों को खाते बेचने वाले दो और आरोपी अमन व अदनान को साइबर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह दोनों आरोपी उत्तराखंड के जसपुर निवासी हैं। साइबर ठगों ने मुरादाबाद के कारोबारी को ट्रेडिंग कराने का झांसा देकर 1.64 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी कर ली थी और रकम 13 खातों में ट्रांसफर की गई थी। शुक्रवार को एसपी क्राइम सुभाष गंगवार ने बताया कि गलशहीद थाना क्षेत्र में रहने वाले कारोबारी ने केस दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने बताया कि जियाना अरोड़ा नाम की एक महिला ने उनसे व्हाट्सएप पर संपर्क किया था। महिला ने खुद को दिल्ली निवासी बताकर कारोबारी से कहा कि वह पांच साल से ट्रेडिंग कर रही है। उन्हें अच्छा मुनाफा कराने का लालच देकर व्हाट्सएप पर लिंक भेज दिया और आईडी-पासवर्ड बनवा कर उनसे 1.64 करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर करा लिए थे। इन 13 खातों में रकम ट्रांसफर की गई थी साइबर थाने की पुलिस ने सभी खातों की जांच पड़ताल की। 16 सितंबर को पुलिस ने भगतपुर के दौलपुरी निवासी नाजिम और उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के जसपुर कोतवाली के वार्ड 13 नई बस्ती निवासी खिलाफत को गिरफ्तार किया था। इन्होंने 20 प्रतिशत लेनदेन पर अपने खाते बेचे थे। शुक्रवार को साइबर थाने की पुलिस ने उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के जसपुर निवासी व अदनान को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में बताया कि अदनान दुबई में आता जाता है। वहां उसकी मुलाकात साइबर ठगों से हुई थी। उन्होंने ही खाता उपलब्ध कराने के लिए कहा। इसके बाद अदनान से अमन से संपर्क किया और उसे रुपयों का लालच देकर जीएसटी रजिस्ट्रेशन, एमसीएमई रजिस्ट्रेशन कराया गया। इसके बाद आधार में मोबाइल नंबर चेंज करवाया गया था। इसके बाद बैंक में खाता खुलवाया गया था। कारोबारी के खाते से भी अमन और अदनान के खाते में रकम ट्रांसफर हुई थी। दोनों ने कबूला है कि उन्हें भी साइबर ठगों ने 20 प्रतिशत रुपये देने का लालच दिया गया था। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। एक सप्ताह नेपाल के होटल में रुके थे आरोपी जुलाई माह में अदनान, अमन, जावेद और आकिब को लेकर बरेली पहुंचा। यहां से चारों लखीमपुर खीरी पलिया होते हुए नेपाल पहुंच गए थे। इसके बाद आरोपियों ने अपने नंबर बंद कर लिए और वाईफाई के जरिए व्हाट्सएप कॉल पर ही बात कर रहे थे। एक सप्ताह तक नेपाल में होटल में रहे। इसी दौरान मुरादाबाद के कारोबारी के खाते से ट्रांसफर की गई रकम अमन, अदनान और अन्य के खाते में भेजी गई थी।

### संक्षिप्त समाचार

## मुरादाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, संभल हिंसा के मुख्य आरोपी सारिक साठा गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

मुरादाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सारिक साठा गैंग के



तीन सदस्यों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से सात लग्जरी कारें बरामद की हैं। यह अलग-अलग जिलों से चोरी की गई थीं। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## नर्सरी की मासूम छात्रा को प्रिंसिपल ने मारे ताबड़तोड़ पांच थप्पड़.. फिर क्या हुआ

मुरादाबाद -जिले के कोतवाली चंदौसी क्षेत्र स्थित सेंट जॉन्स स्कूल चर्च में शर्मनाक मामला सामने आया है। जहां नर्सरी की छात्रा को स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा कथित रूप से 5 थप्पड़ मारे जाने का आरोप लगा है। बच्ची के चेहरे पर सूजन और गुम चोट के निशान देखकर परिजन भड़क उठे। परिजनों ने स्कूल प्रशासन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।घटना शुक्रवार दोपहर की है। चंदौसी के गोलागंज निवासी रजत प्रताप सिंह की बेटी नर्सरी की छात्रा है। दोपहर करीब 2 बजे बच्ची की मां अंशिका उसे स्कूल से लेने पहुंचीं, तो उन्होंने बच्ची के गाल पर सूजन और चोट के निशान देखे। पूछताछ करने पर बच्ची ने बताया कि स्कूल प्रिंसिपल ने उसे थप्पड़ मारे हैं। इसके बाद अंशिका प्रिंसिपल के पास पहुंचीं। जहां उन्होंने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने खुद पांच थप्पड़ मारने की बात स्वीकार की। शिकायत में अंशिका ने गंभीर आरोप लगाया कि मारते समय प्रिंसिपल ने बच्ची से आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा, इस मैं मारते-मारते मुसलमान बना दूंगा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। पिता रजत प्रताप सिंह ने बताया कि इस अमानवीय घटना के खिलाफ उन्होंने पत्नी के माध्यम से थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस पूरे मामले पर कोतवाली चंदौसी के इंस्पेक्टर मोहित चौधरी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। स्कूल प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों और जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## बीच रास्ते से स्कूटी हटाने पर बवाल, दबंगों ने छात्रों को पीटा

मुरादाबाद -पाकबड़ा- बीच रास्ते से स्कूटी हटाने को कहने पर गुरुवार रात जमकर बवाल हो गया। दबंगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से छात्रों पर हमला कर दिया। कस्बे के मोहल्ला छतरी वाले कुएं निवासी सुनील कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका भतीजा श्याम गुप्ता और लखन गुप्ता रात करीब आठ बजे जिम करके घर लौट रहे थे। जैसे ही वे शनिवार का बाजार में जमा मस्जिद के पास पहुंचे, वहां मोईन और आकिब ने स्कूटी बीच रास्ते में खड़ी कर रखी थी। छात्रों ने स्कूटी हटाने को कहा तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि तभी मोईन और आकिब ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया और शोर मचाकर तीन-चार साथी और बुला लिए। हमलावरों ने आते ही छात्रों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में श्याम गुप्ता के सिर में गंभीर चोट आई। परिजनों का कहना है कि आरोपियों से पहले भी कहासुनी हो चुकी थी और तब उन्होंने जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## सूचना विभाग द्वारा जी.आई.सी. ऑडिटोरियम में जनहित योजनाओं पर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व एवं न्यू इंडियाञ्च2047 तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/ परियोजनाओं व उपलब्धियां विषयक जी.आई.सी. ऑडिटोरियम परिसर में सूचना विभाग द्वारा लगाई गई। उक्त प्रदर्शनी का आम जनमानस द्वारा अवलोकन किया जा रहा है और सरकार की नीतियों की सराहना भी की जा रही है। यह पहल जन-जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय कदम है। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की जनकल्याणरी योजनाओं के बारे में आमजनमनस को जागरुक करने की अभिन्न पहल है। प्रदर्शनी में वोकल फोर लोकल के तहत एक जिला एक उत्पाद, स्वच्छ भारत मिशन, अंतर्देशीय जल मार्गों सम्बन्धी, जल जीवन मिशन, विश्वकर्मा सम्मान योजना, प्रदेश में दुरस्त कानून व्यवस्था, बढ़ती हुई एयर कनेक्टिविटी, शिक्षा, रोजगार और महिला सशक्तिकरण सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश में सुदृढ़ होती व्यवस्थाओं का उल्लेख किया है। यह प्रदर्शनी आमजन के लिए 02 अक्टूबर 2025 तक प्रात: 10.00 बजे से सायंकाल 05.00 बजे तक लगी रहेगी। उक्त प्रदर्शनी के माध्यम से आम जनमानस के बीच सरकार की योजनाओं के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।


## तस्करों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, मादक पदार्थ तस्करी करने वाले आठ गिरोह पंजीकृत



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले में एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर स्मैक और अफीम जैसे मादक पदार्थों की तस्करी करने के मामले में अलग अलग थानों में आठ गिरोह पंजीकृत किए गए हैं। आठ गिरोह के 31 सदस्यों पर पुलिस लगातार नजर रख रही है। आठ गिरोह में से तीन फरीदपुर थाने में जबकि पांच गिरोह जिले के अन्य थानों में पंजीकृत किए गए हैं। फरीदपुर के मोहनपुर का निवासी शहादत खां के गिरोह में तीन सदस्य नसीम, आदिल खां और सालिम है। दूसरा राहुल गिरोह है। राहुल निवासी ग्राम अंजनी सिरौली के गिरोह में शांति कुमारी पत्नी चन्दन सिंह निवासी ओखेनी तेली टोला जनपद हजारीबाग झारखंड सदस्य है। तीसरा गैंग महावीर ग्राम सल्लन नगर थाना बिनावर बदायूं का है। इसमें ओमवीर पुत्र राधेश्याम, वीरेंद्र, हुकुम सिंह निवासी ग्राम सेनपुर दातागंज बदायूं है। पांचवां गैंग मानिश निवासी नई बस्ती फतेजगंज पश्चिमी का है। इसमें अफजाल और शरीफ अहमद ग्राम टिटौली फतेहगंज पश्चिमी शामिल हैं। छठे गैंग में अखिल विश्वकर्मा पुत्र निवासी ग्राम डिफेंस कॉलोनी इज्जतनगर का है। यह गैग फरीदपुर में पंजीकृत हुआ है। इसमें बबलू ग्राम देवकोला आंवला और रूपकिशोर शर्मा निवासी चौधरी तालाब सदस्य हैं। सातवें गैंग का लीडर नौबत यादव है जो मेहतरपुर बिथरी चैनपुर का निवासी है। इसमें संतोष मौर्य निवासी नवादा शेखान और दिनेश यादव निवासी खुर्रम गौटिया थाना बारादरी हैं। आठवें गैंग में असगर अली उर्फ गुड्डू निवासी शाहनूरी मस्जिद जोगी नवादा बारादरी के नाम पर पंजीकृत है। इस गैंग में चार सदस्य हैं, जो सभी बारादरी के निवासी हैं। इनमें आदिल पुत्र तौफीक, उस्मान अली उर्फ गद्दी, शबा पत्नी आदिल, नूरी पत्नी असगर अली निवासी शाहनूरी मस्जिद जोगी नवादा शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

## मोटर साइकिलों की टक्कर में एक की मौत, महिला और दो बच्चों समेत पांच हुए घायल



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा /बरेली। नवाबगंज क्षेत्र में शनिवार दोपहर भीषण हादसा पेश आया। दो बाइकों की टक्कर में एक शख्स की मौत हो गई। जबकि महिला और दो बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल 32 वर्षीय नरेश पुत्र हुलासी राम निवासी थाना क्षेत्र जहानाबाद जिला पीलीभीत शनिवार को अपनी पत्नी 32 वर्षीय कौशल्या और 3 व 4 साल के दो बेटों के साथ नवाबगंज दवा लेने आए थे। धौरेरा चौराहा पर पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में नरेश की मौत हो गई। पत्नी और दोनों बच्चे गंभीर घायल हुए। जिन्हें इलाज के लिए नवागंज सीएचसी ले जाया गया। दूसरी बाइक पर सवार दो युवक भी घायल हो गए। जिन्हें प्राइवेट एंबुलेंस से निजी अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि नरेश भट्टे पर मजदूरी करके अपना परिवार पालता था। तीन महीने पहले ही हार्ट अटैक से पिता की मौत हो चुकी है। मृत कुल पांच भाई थे। अब हादसे के बाद नरेश के परिवार में कोहराम मचा है। उधर अस्पताल में भर्ती पत्नी कौशल्या की हालत भी गंभीर है। जिससे सीएचसी से हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी चल रही थी।

## वन मंत्री डॉ अरुण कुमार ने किया पौधरोपण



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा /बरेली। वन एवम् पर्यावरण मंत्री डॉज़्अरुण कुमार तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार सक्सेना,एडवोकेट के करकमलों द्वारा डीएव कालीचरण उमावि, बरेली के प्रांगण में पौधारोपण किया। इस अवसर पर वन मंत्री ने कहा कि यह विद्यालय बरेली जनपद का बहुत ही पुराना विद्यालय है। किसी समय में इसका प्रबंधन बहुत अच्छा था किन्हीं विवादों में फंसकर आज इसकी स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है। फिर भी प्रधानाचार्य के अथक प्रयासों और प्रबंधन के सहयोग से कुछ अच्छी स्थिति हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया के उन से इस विद्यालय के लिए जो भी बन पड़ेगा शासन से सुविधा दिलाने का प्रयास करेंगे,तथा पौधों की सुरक्षा हेतु विद्यालय को 50 ट्रीगार्ड भी देंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार ने कहा कि संस्था विद्यालय - विद्यालय जाकर पौधारोपण का कार्यक्रम करके देश के पर्यावरण संरक्षण में अपना विशेष योगदान दे रही है यह भी एक सामाजिक सेवा ही है। कार्यक्रम में पधारे हिन्दू समाज कल्याण के अध्यक्ष शिव कुमार बरतरिया जी ने बताया कि पहले यह विद्यालय ऐसा न था जैसी दयनीय स्थिति इसकी आज है वे इसके उत्थान के लिए जो भी उनसे बन पड़ेगा करेंगे, विष्णु अग्रवाल ने कहा वे इस विद्यालय के छात्र रहे हैं तब इसकी ऐसी दशा न थी इतना कहते हुए वे कुछ भावुक भी हुए, सनातन निराश्रित संस्था के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यों के अतिरिक्त हम लोग निराश्रित और ग़रीबों की भी यथाशक्ति सहयोग और सहायता करने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर विष्णु अग्रवाल,राजीव कुमार सक्सेना (शंकर नगर),ब्रजेश सक्सेना,डोरी लाल राजपूत,अमित सक्सेना बिन्दू,(विद्यालय अध्यक्ष),सचिन सक्सेना कातिब (प्रबंधक पति),डॉज़्राजेंद्र कुमार गंगवार ( प्रधानाचार्य ), चमन सक्सेना ( पूर्व पार्षद ),पंकज कुमार सक्सेना,( एडवोकेट ),प्रशांत सक्सेना कातिब, राजीव वर्मा,वेद प्रकाश सक्सेना कातिब,विजय बब्बल ( पत्रकार ) विनय कुमार पाल,प्रत्येश कुमार, प्रमोद कुमार, नीरज कुमार वर्मा,विवेक अग्रवाल,अमित अग्रवाल लता नागपाल,सुमन लता,हेमलता शर्मा,शिक्षकेतर कर्मचारीगण, छात्र / छात्राएं तथा अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के समापन के उपरान्त सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था विद्यालय की ओर से की गई थी।

## प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन ( पेजा )उत्तराखंड इकाई का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह हरिद्वार में होगा आयोजित - गिरीश कुशवाहा

**उत्तराखंड इकाई के पत्रकारों को उनके मौलिक अधिकार दिलाने के लिए नवगठित इकाई प्रधानमंत्री को भेजेगी मांग पत्र**

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। लखनऊ । प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तराखंड इकाई की बैठक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में वानप्रस्थ आश्रम ज्वालापुर हरिद्वार में संपन्न हुई जिसमें काशीराम सैनी को राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड का प्रभारी मनोनीत किया गया श्री सैनी के सहयोग के लिए राजेश कुमार गुप्ता एवं रतनलाल लखेड़ा को राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी घोषित किया गया उत्तराखंड की प्रदेश इकाई को पुनः सक्रिय करने के लिए देहरादून की वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार सरोजिनी सेमवाल को पुनः प्रदेश अध्यक्ष की कमान सोपी गई प्रदेश अध्यक्ष की टीम में पूर्ण चंद्र सैनी एवं संजय तलवार को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया एसोसिएशन को गति प्रदान करने के लिए विकास शर्मा को प्रदेश मुख्य महासचिव एवं प्रेस प्रवक्ता उत्तराखंड मनोनीत किया गया श्री शर्मा जी को सहयोग के लिए हरप्रीत कौर एवं हिमांशु कुशवाहा को प्रदेश महासचिव घोषित करते हुए श्रीमती राधिका शर्मा एवं मुरार कुडीर को प्रदेश सचिव घोषित किया गया एसोसिएशन को गति प्रदान करने के लिए सुनील शर्मा को प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं प्रेस प्रवक्ता उत्तराखंड के साथ-सा जयंती प्रसाद एवं अरुण श्रीवास्तव को प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया यह जानकारी सुनील शर्मा ने पत्रकारों को दी उत्तराखंड प्रांत की नव मनोनीत प्रदेश इकाई का शपथ ग्रहण एवं मनोनीत पदाधिकारी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवार्ड से सम्मानित करने के लिए एक आपातकालीन बैठक 21 सितंबर को 1ः बजे वानप्रस्थ आश्रम ज्वालापुर हरिद्वार में राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में बुलाई गई है जिसमें 9 मनोनीत पदाधिकारी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किए जाने पर चर्चा की जाएगी साथ ही साथ उत्तराखंड इकाई के जनपदों में जिला अध्यक्षों के मनोनयन तथा सदस्यता अभियान पर चर्चा होगी

## गैर जनपदों से ट्रांसफर होकर आए डीआईजी ने मंडल में किया स्थानांतरण



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने शनिवार को बड़ा कदम उठाते हुए स्थानांतरित होकर आए इंस्पेक्टर, दरोगा और मुख्य आरक्षियों का जनपदवार बंटवारा कर दिया। कुल 10 निरीक्षक, 72 उपनिरीक्षक और 185 मुख्य आरक्षियों को रिक्त पदों और जरूरत के हिसाब से जनपदों में भेजा गया है। सबसे बड़ा लाभ बरेली जिले को मिला है, जहां 6 निरीक्षक, 32 उपनिरीक्षक और 78 मुख्य आरक्षी तैनात किए गए हैं। इससे न केवल थानों की व्यवस्था सुधरेगी बल्कि शहर और देहात में गश्त व जांच व्यवस्था भी मजबूत होगी। शाहजहांपुर को भी अच्छा-खासा बल मिला है। यहां 1 निरीक्षक, 25 उपनिरीक्षक और 54 मुख्य आरक्षियों को भेजा गया है। पीलीभीत जिले में 2 निरीक्षक, 9 उपनिरीक्षक और 38 मुख्य आरक्षी तैनात होंगे। वहीं, बदायूं को सबसे कम पुलिस बल मिला है, जहां केवल 1 निरीक्षक, 6 उपनिरीक्षक और 15 मुख्य आरक्षी भेजे गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन नई तैनातियों से न केवल बल की कमी पूरी होगी बल्कि अपराध और कानून-व्यवस्था से निपटने में पुलिस को मजबूती मिलेगी। खासतौर पर त्योहारों और चुनावी माहौल को देखते हुए पुलिस बल का यह फेरबदल बेहद अहम माना जा रहा है। डीआईजी ने साफ किया है कि यह तैनाती जिलेवार रिक्तियों और आवश्यकताओं के हिसाब से की गई है। आने वाले दिनों में भी जहां कमी होगी, वहां पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी जाएगी।

## सीएम योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा /बरेली। फरीदपुर में सोशल मीडिया पर सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी युवक के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत की गई। इसके बाद पुलिस अफसरों ने फरीदपुर थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। फरीदपुर इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला मिर्धान निवासी एक युवक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर पोस्ट डाली। इसके बाद हिमांशु पटेल नाम के व्यक्ति ने एक्स पर ट्वीट कर शिकायत की। हिमांशु पटेल ने पोस्ट करने वाले युवक का नाम लिखते हुए लिखा कि उसके द्वारा इंस्टाग्राम पर भड़काऊ पोस्ट शेयर की गई है। इसमें मुख्यमंत्री योगी को अपशब्द बोलने का आरोप है। जांच में आरोपी की पहचान मोहम्मद असब के रूप में हुई है। इसके बाद दरोगा शुभम सिंह ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया कि मोहम्मद असब ने सोशल मीडिया पर जो पोस्ट डाली है, जिसमें सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी की है। इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## मा. मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति 5.0 का किया शुभारंभ, एनआईसी में आयोजित सजीव प्रसारण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया प्रतिभाग।



नारी सुरक्षा नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश स्तर पर लोक भवन से किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का मुरादाबाद शहर में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में सजीव प्रसारण कराया गया। इस सजीव प्रसारण कार्यक्रम में एमएलसी श्री जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी श्री सतपाल सिंह सैनी, एमएलसी श्री गोपाल अंजान, मंडलायुक्त श्री आञ्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी श्री मुनिराज जी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया तथा मा. मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत मिलक अमावती की ग्राम प्रधान श्रीमती गार्गी चौधरी, ग्राम पंचायत कालिलेट की ग्राम प्रधान आशा रानी और कंपोजिट स्कूल डिंडोरा की सहायक अध्यापिका दीप्ति ग्रेवाल को उनके अथक प्रयासों से अपने कार्यक्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने पर सम्मानित किया गया।

# जिला अस्पताल में बहन का शव छोड़कर भागे भाई-भाभी, हत्या का आरोप, रिपोर्ट दर्ज



बरेली में एक महिला की मौत के मामले में उसके भाई-भाभी समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मृतका की बहन ने पत्र भेजकर सीएम योगी से शिकायत की थी। उसने हत्या का आरोप लगाया है। बरेली के जिला अस्पताल में करीब सवा महीने पहले महिला को घायल बताकर भर्ती कराने आए भाई और भाभी उसके शव को छोड़कर भाग गए थे। महिला की बहन ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की। अब बारादरी थाने में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। ग्रीन पार्क निवासी ब्रोनिका स्पेंसर ने सीएम योगी को पत्र देकर शिकायत की कि उनकी सगी बहन ब्लोसम स्पेंसर उनके भाई फाइक एन्क्लेव निवासी बेंजामिन स्पेंसर के पास रहकर अपना इलाज करा रही थी। इस दौरान बहन विजिट स्पेंसर, बहनोई विकास यादव, भाई बेंजामिन स्पेंसर, उसकी पत्नी सुनैना, बेंजामिन का पुत्र ब्लेसन स्पेंसर और सुनैना के पिता गफ्फार मसीह उसकी पिटाई करते थे। बहन ने लगाया ये आरोप आरोप है कि दस अगस्त को सुनैना मृत अवस्था में ब्लोसम स्पेंसर के शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जिला अस्पताल में ब्लोसम स्पेंसर को भर्ती कराने का प्रयास किया। अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने मृत बताकर अस्पताल में भर्ती करने से मना कर दिया तो ब्लोसम का शव छोड़कर सुनैना और उसका पति बेंजामिन अस्पताल से भाग गए। ब्रोनिका सूचना पर अपने पति लोकेश कुमार के साथ जिला अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम कराने का आग्रह किया।ब्लोसम के शरीर पर चोट के निशान थे। पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। ब्रोनिका ने अपने भाई, भाभी, भाभी के पिता, भतीजे और बहन व बहनोई पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए सीएम से शिकायत की थी। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है। विवेचना में स्थिति साफ हो जाएगी। स्पेंसर परिवार में पहले से चल रही मुकदमेबाजी बारादरी थाने में ब्रोनिका ने हत्या का आरोप लगाते हुए भाई, भाभी, बहन और अन्य आरोपियों पर हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। बावजूद स्पेंसर परिवार में पहले से मुकदमेबाजी चल रही है। इससे पहले 2024 में बारादरी थाने में सुनैना ने ब्रोनिका, उनके पति लोकेश व अन्य लोगों पर पीटने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब ब्रोनिका ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

# कलेक्टर ने दी विशेष गहन पुनरीक्षण की जानकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में शीघ्र ही निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। इसी संबंध में कलेक्टर



रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला सहित भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं बसपा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर चौधरी ने बताया कि जिले में प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता की सीमा निर्धारित की गई है, जिसके चलते लगभग 165 नए मतदान केंद्र बढ़ाए जाएंगे। बैठक में निर्वाचक नामावली से संबंधित संवैधानिक प्रावधान, भारत की नागरिकता संबंधी नियम, विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया एवं enumeration form की जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया कि वे आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए BLA-2 नियुक्त करें और उनकी जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। अपर कलेक्टर शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2003 में जिले की पाँचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 8,78,644 मतदाता पंजीकृत थे, जबकि 1 जनवरी 2025 तक यह संख्या बढ़कर 13,13,125 हो गई है। इनमें 6,90,623 पुरुष, 6,22,473 महिलाएँ और 29 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा वार आंकड़े इस प्रकार हैं - करैरा = 2,72,882 मतदाता (पुरुष 1,44,286, महिला 1,28,591, अन्य 5) पोहरी 2,49,557 मतदाता (पुरुष 1,32,524, महिला 1,17,028, अन्य 5) शिवपुरी = 2,64,146 मतदाता (पुरुष 1,37,501, महिला 1,26,635, अन्य 10) पिछोर = 2,70,729 मतदाता (पुरुष 1,41,940, महिला 1,28,788, अन्य 1) कोलारस 2,55,811 मतदाता (पुरुष 1,34,372, महिला ,431, अन्य 8) जिले में वर्तमान में कुल 1492 मतदान केंद्र हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पुनरीक्षण कार्य में BLA-2 की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# जगन्नाथ महाप्रभु के धाम में हो रही श्रीभक्तमाल कथा के सप्तम दिवस हुआ विश्राम

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। पावन पित्र पक्ष माह में भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी के पावन धाम पर बरेली वालो ने सप्तम दिवस श्रीमद्भगवत कथा एवं भजन संध्या के माध्यम से अपनी अपनी हाजरी लगाई। प्रातः प्रथम सत्र में प्रभु श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी की असीम कृपा से उन्हीं के धाम में श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पूज्य श्री मधुर कृष्ण के पावन सानिध्य हुई। उनके श्रीमुख से हुई कथा का एवं पूज्य श्री अतुल कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ भगवान की।महिमा



वा भक्तमाल कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सभी भक्तों ने नाच गा कर,झूम झूम कर नृत्य किया। दूसरे सत्र में पूज्य श्री अतुल कृष्ण शास्त्री महाराज जी ने भगवान जगन्नाथ महा प्रभु की भक्तमाल कथा का गुणगान किया और भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की लीलालो का वर्णन किया। आज सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। कथा के विश्राम के उपरांत परम पूज्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री विवेकानंद जी महाराज के दर्शनों एवं आशीर्वाद रूपी सत्संग का लाभ भी सभी भक्तजनों को प्राप्त हुआ। अंत में स्वामी रविन्द्रानंद महाराज वा अतुल कृष्ण शास्त्री,महावीर शर्मा जी के संकीर्तन का लाभ भक्तजनों को मिला। कथा के मुख्य यजमान सुशील अरोड़ा,मनोज अरोड़ा,कंचन अरोड़ा,विमी अरोरा,हरीश अरोरा,समीर अरोड़ा,इशिका अरोरा,कृति अरोरा को मुख्य यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बरेली से रवि छाबड़ा,सुशील अरोरा,मनोज अरोड़ा,संजय आनन्द,गोविंद तनेजा, दिलीप गुप्ता,अनिल अरोरा,संजय पगरानी,दीपक कोहली,दीपक अरोरा वा अन्य को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। रवि छाबड़ा ने भगवान श्री जगन्नाथ जी के पावन धाम में हुई श्रीमद्भ भगवत एवं श्री भक्तमाल कथा एवं भजन संध्या का लाभ सभी भक्तों को मिला, और सुशील अरोरा एवं मनोज अरोड़ा के परिवार का सभी भक्तजनों की तरफ से आभार व्यक्त किया गया। प्रभु भगवान श्री जगन्नाथ की कृपा सदैव सब पर बनी रहे।

# सिर की टूट गई थीं हड्डियां... हाथ-पैर में भी फ्रैक्चर, टीएमयू में छात्रा ने तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान

मुरादाबाद के पाकबड़ा स्थित टीएमयू में बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्रा दीक्षा पाल ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। सिर, हाथ और पैरों की हड्डियां टूटने से वह गंभीर रूप से घायल हुईं थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। परिजनों ने अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी हैमुरादाबाद के पाकबड़ा में टीएमयू में तीसरे मंजिल से कूदने से बीएससी नर्सिंग की छात्रा दीक्षा पाल (20) के सिर की हड्डियां टूट गई थीं। हाथ और पैर की हड्डियों में फ्रैक्चर हो गया था। शुक्रवार सुबह आई पोस्टमार्टम से इसकी पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर चले गए। परिवार की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत थाने में नहीं की गई है। संभल जिले के असमोली थानाक्षेत्र के हीरापुर गांव निवासी किसान जनम सिंह की बेटी दीक्षा पाल टीएमयू में बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्रा थी। रोज की तरह वह बृहस्पतिवार की सुबह आठ बजे घर से बस द्वारा कॉलेज पहुंची थी।बृहस्पतिवार की दोपहर करीब तीन बजे परीक्षा कक्ष से बाहर निकली और कॉलेज की तीसरी मंजिल पर पहुंच कर छलांग लगा दी थी जिसमें छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे टीएमयू अस्पताल में ही भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात में ही छात्रा के शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया था। इसके बाद परिजन शव लेकर चले गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि छात्रा के सिर, पैर और हाथों की हड्डियां टूट गई थीं। उन्होंने बताया कि परिवार की ओर से कोई लिखित शिकायत अभी तक नहीं मिली है। दिवंगत छात्रा दीक्षा को दी श्रद्धांजलि- टीएमयू के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग की दिवंगत छात्रा दीक्षा पाल को फैकल्टीज और नर्सिंग छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित की। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, डॉ. जितेन्द्र सिंह, फैकल्टी एकजोत कौर नंदा ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, प्रो. जेसलीन एम, प्रो. श्योली सेन, प्रो. रामनिवास, प्रो. सपना सिंह, वरुण तोशनीवाल, प्रो. विजी मोल, रवि कुमार आदि मौजूद रहे। सीढ़ी पर रुकी, फिर गैलरी की खिड़की से लगा दी छलांग- परीक्षा खत्म होने के बाद दीक्षा अन्य छात्राओं के साथ कक्ष से बाहर आई। वह सीढ़ी तक सभी के साथ चली लेकिन अचानक रुक गई। सभी छात्राएं नीचे आ गई लेकिन छात्रा वापस गैलरी में चली गई। पुलिस की जांच में सामने आया है कि वह कुछ देर तीसरी मंजिल पर टहलते रही। इसके बाद वह विंडो पर चढ़ गई और छलांग लगा दी। यह पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीटीवी कैमरों की फुटेज में कैद हो गया है। संभल जिले के असमोली थानाक्षेत्र के हीरापुर गांव निवासी किसान जन्म सिंह की बेटी दीक्षा पाल टीएमयू में बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्रा थी। उनके दो भाई नितेश और हर्षित हैं। किसान ने बेटी को कॉलेज से आने जाने में कोई दिक्कत न हो। इसलिए कॉलेज की बस लगा रखी थी। वह अन्य छात्र-छात्राओं के साथ रोज घर से कॉलेज आती थी और छुट्टी के बाद वापस चली जाती थी। बृहस्पतिवार को छात्रा ने क्लास अटेंड की। बताया जा रहा है कि करीब दो बजे वह दीक्षा 16 अन्य छात्राओं के साथ परीक्षा देने गई थी। दोपहर 2=50 पर परीक्षा खत्म हो गई थी। इसके बाद सभी छात्राएं बाहर आ गई। दीक्षा भी इनके साथ ही वापस आ गई थी लेकिन वह जीने पर ही रुक गई। इसके बाद वापस गैलरी में चली गई। कुछ देर यहीं टहलती रही फिर वह एक विंडो पर चली और नीचे कूद गई। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह का कहना है कि पाकबड़ा थाने की पुलिस ने फोरेंसिक टीम को साथ लेकर मौके पर जांच पड़ताल की है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्रा के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई जा रही है। मेरी बेटी को कोई तनाव नहीं था= पिता- मुरादाबाद।

# दीपू ने तमंचे के बल पर की थी दो बच्चों की मां से कोर्ट मैरिज; बच्चों को बंधक बनाने से एनकाउंटर तक की कहानी

कन्नौज के छिबरामऊ इलाके में सिरफिरे युवक ने शुक्रवार को अपनी पत्नी को बुलवाने के लिए उसके दो बच्चों को तमंचे के बल पर बंधक बना लिया। कभी खुद को तो कभी बच्चों को गोली मारने की धमकी देते हुए आठ घंटे तक पुलिस को छकाया। पुलिस ने किसी तरह बच्चों को मुक्त कराया। इसके बाद मुठभेड़ में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।कन्नौज के छिबरामऊ में कांशीराम कॉलोनी में बंधक बनाए गए बेटे के मुक्त होने के बाद महिला ही रहती है, जहां पर दीपू का आना-जाना था। आता रहता था। चार माह पहले दीपू और उसका तमंचे के बल पर दीपू ने जबरन कोर्ट मैरिज की थी। कांशीराम कॉलोनी की रहने वाली महिला ने बताया रहना चाहती थी। बच्चों के पालन पोषण के लिए उसको तमंचे के बल पर अपने साथ ले गया और लिखी न होने के कारण उसे पता नहीं चला कि दिल्ली ले गया, जहां पर आए दिन मारपीट करता था। आई।दीपू भी उसे खोजता हुआ कॉलोनी पहुंच गया बंधक मुक्त कराया। पुलिस की कार्रवाई से वह खुश प्रदेश के कन्नौज जिले से हैरान करने वाली खबर शुक्रवार को अपनी पत्नी को बुलवाने के लिए उसके खुद को तो कभी बच्चों को गोली मारने की धमकी



पहुंच गई। उन्होंने बताया कि दीपू की बुआ कॉलोनी में कॉलोनी में ही उसकी छोटी सी गुमटी थी। वहां पर दीपू बहनोई जबरन गाड़ी में बैठाकर कन्नौज ले गए थे और इसके बाद वह अपने साथ दिल्ली लेकर चला गया था। कि पति के निधन के बाद वह अपने बच्चों के साथ कॉलोनी में ही छोटी सी गुमटी रख ली थी, लेकिन दीपू कन्नौज में एक कागज पर हस्ताक्षर करा लिए थे।पढ़ी-कोर्ट मैरिज के कागज हैं। इसके बाद दीपू अपने साथ गुरुवार रात वह दिल्ली से अपनी बहन के घर चली और बच्चों को बंधक बना लिया। पुलिस ने बेटे को है। कन्नौज में सिरफिरे आशिक का एनकाउंटर उत्तर सामने आई है। छिबरामऊ इलाके में सिरफिरे युवक ने दो बच्चों को तमंचे के बल पर बंधक बना लिया। कभी देते हुए आठ घंटे तक पुलिस को छकाया। पुलिस ने किसी तरह बच्चों को मुक्त कराया। इसके बाद मुठभेड़ में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। सिरफिरे के फायर झोंकने से हाथ में गोली लगने से एसओजी प्रभारी भी घायल हो गए।तालग्राम क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी दीपू चक ने छिबरामऊ निवासी महिला से चार माह पहले कोर्ट मैरिज की थी। महिला के पहले पति की मौत हो चुकी है। उसकी 13 साल की बेटी और आठ साल का बेटा नानी के घर में रहते हैं। कुछ दिन पहले महिला दीपू को छोड़कर कहीं चली गई।एएसपी अजय कुमार के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 11=30 बजे दीपू पत्नी की तलाश में उसके मायके पहुंचा। दीपू ने उसके दोनों बच्चों को कमरे में तमंचा सटाकर बंधक बना लिया। लोगों की सूचना पर 12=30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने लगी।मौका देखकर बेटी बाहर आ गई। एएसपी अजय कुमार दरवाजा खुलवाने के लिए घंटों दीपू से बात करते रहे लेकिन वह पत्नी को बुलवाने की जिद पर ही अड़ा रहा। एसओजी प्रभारी देवेश पाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शाम करीब 7=13 बजे एसओजी ने पत्नी को बुलवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद बेटे को कमरे से बाहर निकलवाया। एसओजी प्रभारी दीपू को पकड़ने लगे तो उसने तमंचे से फायर कर दिया। गोली एसओजी प्रभारी के हाथ को छूते हुए निकल गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली दीपू के पैर में लगी। शाम करीब 7=15 बजे पुलिस उसे गिरफ्तार कर सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गयाबरामद किए सात कारतूस एसपी विनोद कुमार ने बताया कि वीडियो कॉल से दीपू की पत्नी से बात कराई गई। इसके बाद युवक और आक्रोशित हो गया और उसने बच्चे के सिर पर तमंचा लगा दिया। पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। दीपू के पास से सात कारतूस बरामद हुए हैंसिरफिरे आशिक एनकाउंटर का घटनाक्रम सुबह 11=30 बजे दीपू चिक ने कालोनी पहुंचकर किशोरी और उसके भाई को कमरे में बंधक बनाया। दोपहर 12=15 बजे दीपू को चकमा देकर किशोरी कमरे से बाहर निकली। दोपहर 12=30 बजे डायल 112 पुलिस पहुंची। दोपहर 1=00 बजे अतिरिक्त निरीक्षक बृजमोहन पाल पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। दोपहर 1=15 बजे सीओ सुरेश मलिक ने पहुंचकर युवक को समझाने का प्रयास किया। दोपहर 1=30 बजे एएसपी अजय कुमार भी मौके पहुंच गए शाम 5=00 बजे एसओजी प्रभारी देवेश पाल टीम के साथ पहुंचे। शाम 5=30 बजे जेनरेटर का इंतजाम कराया गया शाम 6=00 बजे एसओजी टीम ने कॉलोनी के बाहर मोर्चा संभाला शाम 7=13 बजे दीपू चिक ने बच्चे को बंधन मुक्त कर बाहर भेजा। शाम 7=15 बजे दीपू की फायरिंग के दौरान एसओजी प्रभारी चोटिल। साथ ही एसओजी टीम की जवाबी फायरिंग में दीपू घायल।

## संक्षिप्त समाचार

### पति ने मायके में पत्नी का काटा गला... छाती से नीचे भी किया वार; दामाद ने सास पर भी किया छुरे से वार

बुलंदशहर में एक शख्स ने मायके में पत्नी का गला काट दिया। हाथ और छाती के नीचे भी छुरे से वार किया। आरोप है कि शख्स ने सास पर भी छुरे से वार किया। पीड़िता महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।बुलंदशहर नगर कोतवाली क्षेत्र के धमेड़ा अड्डा स्थित नई बस्ती में पति ने पत्नी के गले पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी ने सास पर भी हमला किया और फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नई बस्ती निवासी शबनम पत्नी सलाउद्दीन ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 सितंबर को उसकी पुत्री मुस्कान और खुशबू घर में मौजूद थीं। उसकी बेटी खुशबू को देखने के लिए मेहमान आने वाले थे। मुस्कान का पति जाहिद भी घर आया था। जाहिद अपने साथ एक बैग लाया था। उसकी बेटी ने जाहिद को पानी दिया और दूसरे कमरे में चली गई, इस दौरान वो खुद कुरआन पढ़ रही थी। तभी उसकी बेटी मुस्कान के चिलाने की आवाज आई, वह कमरे गई तो देखा कि जाहिद के हाथ में छुरा था। छाती के नीचे से बह रहा था खून छुरे पर खून लगा हुआ था। मुस्कान का गला कटा हुआ था, जिससे लगातार खून बह रहा था, उसके बाएं हाथ से भी खून बह रहा था। साथ ही छाती के नीचे से खून बह रहा था। जाहिद ने उसकी पुत्री मुस्कान को जान से मारने की नीयत से छुरे से गला काट दिया। सास पर भी किया हमला, बाल पकड़कर छुरे से किया वार मुस्कान ने जब अपना बचाव किया तो उसका हाथ भी काट दिया और छाती के नीचे छुरे से वार कर घायल कर दिया। आरोप है कि जब पीड़ित शबनम ने बेटी मुस्कान को दामाद से बचाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसके सिर के बाल पकड़कर छुरे से वार किया। इसी बीच दूसरी बेटी खुशबू ने आरोपी के हाथ पर चिमटा मारा, जिससे छुरे का वार चूक गया। इसी बीच इमरान भी मौके पर आ गया और जाहिद को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी फरार हो गया। पुत्री को घायल अवस्था में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने जाहिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बाबू ऐसा मत करो...वो नहीं मानी: मरने से पहले युवक ने बनाया वीडियो, प्रेमिका और सिपाही पर लगाए ये आरोप

बदायूं के उझैती थाना क्षेत्र में सोनियाखेड़ा गांव निवासी दीपक चौधरी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जहर खाने से पहले दीपक ने एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने अपनी प्रेमिका और सिपाही समेत तीन पर प्रताड़ित और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बदायूं के उझैती थाना क्षेत्र के गांव सोनियाखेड़ा निवासी दीपक चौधरी ने मौत से पहले वीडियो बनाया था। यह वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें उसने खुद जहर खाने की बात कही है। उसने अपनी मौत का जिम्मेदार प्रेमिका, इलाके में डायल 112 पर तैनात एक सिपाही व एक अन्य युवक को बताया। सिपाही व युवक पर धमकाने और प्रेमिका पर ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव सोनियाखेड़ा निवासी दीपक चौधरी ( 25 वर्ष ) पुत्र सत्यवीर सिंह चौधरी बिसौली में मोबाइल फोन के शोरूम पर नौकरी करता था। करीब दो साल पहले इंस्टाग्राम पर उसकी मुलाकात हमउम्र युवती से हुई थी। युवक के मुताबिक युवती ने बताया था कि वह अपने पति से अलग रहती है। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों में नजदीकियां बढ़ गईं। दो साल में वह धन और मान सब कुछ गवां बैठा था। अब या तो प्रेमिका से शादी हो या फिर वह आत्महत्या करे दो विकल्प उसके पास बचे थे। परेशान होकर उसने आत्महत्या करने की ठान ली। पांच मिनट के वीडियो में बयां किया दर्द - शुक्रवार को उसने जहर खाने से पहले करीब पांच मिनट का एक वीडियो बनाया, जिसमें उसके साथ जो हुआ, वो सब कुछ बयां किया। अब तक मृतक के परिजन प्रेमिका व उसके परिवार पर हत्या का आरोप लग रहे थे, लेकिन शनिवार को जब वीडियो वायरल हुआ तो मामले में नया मोड़ आ गया। वीडियो में दीपक ने प्रेमिका, सिपाही व एक अन्य को अपनी मौत का जिम्मेदार बताते हुए सरकार से आरोपियों को फांसी की मांग की। दूसरे लड़कों से बात करती थी प्रेमिका - वीडियो में दीपक कहता है कि प्रेमिका रितु ने दो साल में मुझे बहुत प्रताड़ित किया। वह दूसरे लड़कों से बात करती थी। मैंने उससे कहा कि बाबू ऐसा मत करो, लेकिन वह नहीं मानी। दीपक ने आगे कहा कि प्रेमिका उससे शादी के नाम पर रुपये लेती आ रही थी। दो वर्षों में करीब 4.75 लाख रुपये उससे ले लिए। प्रेमिका ने करीब आठ दिन पहले ही भरोसा दिलाया कि वह 15 सितंबर को उसके साथ चलेगी और शादी भी करेगी। इसी बात में उलझाकर उसने एक लाख रुपये ले लिए थे। 15 सितंबर को वह दातागंज पहुंच गया लेकिन प्रेमिका फोन तक नहीं उठाया। देर शाम तक इंतजार करके वह लौट गया। आरोप है कि तीन दिन से लगातार रात को वह यही कहती कि आज आओ साथ चलूंगी। इससे परेशान होकर वह जान दे रहा है। दीपक ने सिपाही पर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
OWN STATE
www.knlslive.com
21 September 2025


## ग्रामीणों ने लगाया कोटेदार पर राशन वितरण में अनमितता व कालाबाजारी करने का गंभीर आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बभन पुरवा के मौजा चमारन पुरवा के ग्रामीणों ने कोटेदार पर राशन वितरण में भारी अनमितता व कालाबाजारी करने क गंभीर आरोप लगाया है और बताया गया कि कोटेदार द्वारा ग्रामीणों को कम राशन वितरण किया जा रहा है और अपने मनमानी करते हैं ग्रामीणों को राशन देने में कटौती करते हैं ग्रामीणों का कहना है कि 4 किलो एक यूनिट पर देते हैं एवं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि एक यूनिट पर 500 ग्राम राशन काटा जा रहा है तथा कुछ ग्रामीणों का कहना की दबंगई भी करते हैं अंतोदय कार्ड का राशन एक महिला न पाने से काफी नाराजगी जतायी तथा पूर्ति निरीक्षक जमुनहा से शिकायत किया है कोटेदार के द्वारा ग्रामीणों ने खाद्यान्न वितरण में अनमितता को लेकर को शासन प्रशासन से उच्च अधिकारियों द्वारा कोटेदार की जांच करने की मांग किया है और कोटा निरस्त किए जाने के लिए अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है । इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक जमुनहा से बात करने पर बताया गया कि जांच किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।





## हाईकोर्ट ने कहा- घरेलू हिंसा में अंतिम घटनास्थल की अदालत को सुनवाई का अधिकार

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा में अंतिम बार जहां घटना होती है, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की अपर सत्र अदालत के आदेश को रद्द कर दिया।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा में अंतिम बार जहां घटना होती है, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की अपर सत्र अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकल पीठ ने चरनजीत कौर की याचिका पर दिया है। बरेली निवासी युवती की शादी उत्तराखंड में हुई थी, लेकिन वह राजस्थान में रह रही थी। घरेलू हिंसा की शिकायत के बाद वह बरेली आ गई और वहां पुलिस से शिकायत की। इस पर थाने में दोनों पक्ष एकत्र हुए तो ससुरालवालों ने उसे धमकी दी। इसी घटना के आधार पर उसने बरेली की अदालत में गुजारा भत्ता के लिए याचिका दायर की। इस पर मजिस्ट्रेट ने पति को 9,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। इस आदेश को अपर सत्र अदालत ने यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि बरेली की अदालत को इस मामले की सुनवाई का अधिकार नहीं है। इस आदेश को पीड़िता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।कोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा कानून के अनुसार जहां पीड़ित स्थायी या अस्थायी रूप से रहता है या जहां विपक्षी रहता है या जहां हिंसा की आखिरी घटना हुई हो, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। बरेली में ही पीड़िता के साथ आखिरी बार घरेलू हिंसा की घटना हुई थी। इसलिए वहां की अदालत को उसकी याचिका पर सुनवाई का अधिकार है। सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद के सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत दे दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने आरोपी अनुज सिरोही की अर्जी पर दिया। अनुज के खिलाफ मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाने में अश्लील वीडियो बनाने, वायरल करने के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की। याची के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि उसे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप सीधे तौर पर सही नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सह-अभियुक्त विजय की याचिका पर हाईकोर्ट ने पहले ही रोक लगा रखी है और शिकायतकर्ता के बयानों में विरोधाभास है। वहीं, सरकारी वकील ने जमानत का विरोध किया।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती, अमरेंद्र कुमार वरुण, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा के नेतृत्व में आज वाहिनी मुख्यालय भिनगा में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विशेष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वाहिनी में सेवारत महिलाओं एवं बलकर्मियों के परिवारजनों को निःशुल्क परामर्श और दवाओं का लाभ प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा से आईं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पलता एवं परामर्शदाता जितेंद्र मिश्रा ने प्रतिभागियों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का भी वितरण किया। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक (मेडिक्स) दीन बन्धु सरकार, सहायक उप निरीक्षक (फार्मशिस्ट) आलोक यादव तथा बलकर्मियों के परिवारजन मौजूद रहे। कमान्डेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने कहा कि- नारी स्वास्थ्य परिवार और समाज की मजबूती का आधार है। इसी उद्देश्य से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत यह शिविर आयोजित किया गया, ताकि बलकर्मियों के परिवारजन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों और समय-समय पर आवश्यक परामर्श प्राप्त कर सकें।



## भाजपा का जिला स्तरीय प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित, सम्मलेन में भारी भीड़ मौजूद रही

